माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन ने जो शोक प्रस्ताव रखा है उससे अपने आप को सम्बद्ध करते हुए मैं अपनी पार्टी समाजवादी पार्टी की तरफ से शोक संवेदनायें व्यक्त करना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश सरकार की वर्तमान विधान सभा के सदस्य और मंत्रि-परिषद् के सदस्य श्री चेतन चौहान जी का 16 अगस्त, 2020 को निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष के थे, हालांकि देखने में वह 60 वर्ष से अधिक के नहीं लगते थे। श्री चौहान जी का जन्म 21 जुलाई, 1947 को बरेली में हुआ था। श्री चेतन चौहान जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र नौगांवा सादात, जिला अमरोहा से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। इससे पूर्व वह दसवीं एवं बारहवीं लोक सभा के सदस्य भी रहे हैं। श्री चेतन चौहान जी, प्रदेश सरकार में सैनिक कल्याण, होम गार्ड्स, प्रान्तीय रक्षक दल और नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री भी थे और अपने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता भी थे। अपने जमाने के सुप्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी थे और मुझे याद है हम लोग उस समय हाई स्कूल, इण्टर के छात्र हुआ करते थे जब श्री चेतन चौहान जी श्री सुनील गावस्कर जी के साथ ओपनिंग बैटिंग किया करते थे उस समय रेडियो हुआ करता था और जब इनकी बैटिंग का नम्बर आता था तब हम लोग रेडियो लेकर श्री चेतन चौहान जी और सुनील गावस्कर की बैटिंग की कमेण्ट्री सुनने के लिये बैठ जाते थे, उस समय उनकी बैटिंग का जो आनन्द आता था, टी0वी0 पर मैच देखते हुए वह आनन्द नहीं आता था। बहुत स्वामित्व थे, मिलनसार थे, सम्मान देने का काम करते थे असमय उनका निधन हुआ है। श्री चेतन चौहान जी के निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं अपनी समाजवादी पार्टी की तरफ से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से कामना करता हूं कि उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें तथा मेरी पार्टी की शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश सरकार की वर्तमान विधान सभा की सदस्य, श्रीमती कमल रानी वरुण जी का 16 अगस्त, 2020 को निधन हो गया वह लगभग 62 वर्ष की थी। श्रीमती वरुण रानी जी का जन्म 03 मई, 1958 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने सर्वप्रथम समाजसेवा के माध्यम से अपने सामाजिक जीवन की शुरुआत की और उसी के कारण नगर निगम से लेकर लोक सभा तक और उसके बाद विधान सभा में आने का उन्हें मौका मिला।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

वर्तमान समय में वे उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री भी थीं इससे पूर्व वे ग्यारहवीं और बारहवीं लोक सभा की सदस्य भी रही हैं। श्रीमती कमल रानी वरुण जी कानपुर की घाटमपुर विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित थीं, आपके असमय निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया। मैं अपनी समाजवादी पार्टी की तरफ से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आपसे आग्रह करता हूं कि हमारी पार्टी की तरफ से शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य और मेरे जनपद के रहने वाले हम लोगों के नेता श्री पारसनाथ यादव जी का 12 जून, 2020 को निधन हो गया। वे लगभग 71 वर्ष के थे। श्री पारसनाथ यादव जी का जन्म 12 जनवरी, 1949 को ग्राम गहरपुर कारो, तहसील मड़ियाहूं, जिला जौनपुर में हुआ था। उन्होंने स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री पारसनाथ यादव जी वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र बरसठी, जिला जौनपुर से लोकदल के टिकट पर पहली बार निर्वाचित हुए थे। उसके पश्चात् 1989 में जनता दल, 1993 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर बरसठी निर्वाचन क्षेत्र से तथा वर्ष 1996 और 2002 में निर्वाचन क्षेत्र मड़ियाहूं जिला जौनपुर से एवं वर्ष 2012 एवं 2017 में निर्वाचन क्षेत्र मल्हनी जिला जौनपुर से समाजवादी पार्टी से कुल 7 बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित रहे। श्री पारसनाथ यादव जी आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी के मंत्रि-मण्डल में तथा आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी के मंत्रि-मण्डल में सदस्य भी रहे। वह जौनपुर संसदीय क्षेत्र से बारहवीं तथा चौदहवीं लोक सभा के सदस्य भी रहे। वे उत्तर प्रदेश विधान सभा तथा लोक सभा की महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य भी रहे। श्री पारसनाथ यादव जी ने विभिन्न जन आन्दोलनों में भाग लिया और आन्दोलनों के कारण कई बार जेल भी गये। वे एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने गांव समाज से लेकर लोक सभा तक गांव पंचायत जिला परिषद् विधान सभा तथा लोक सभा में जनता का नेतृत्व करने का काम किया था। कुशल, निडर और बेबाक बोलने वाले वे नेता थे उनकी असमय मृत्यु से सिर्फ जनपद जौनपुर ही नहीं बल्कि पूर्वांचल में गरीबों, मजलूमों और पिछड़ों की बात करने वाली आवाज हमेशा के लिये समाप्त हो गई। मैं अपनी समाजवादी पार्टी की तरफ से श्री पारसनाथ यादव जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे तथा आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी पार्टी की शोक संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी का 02 मार्च, 2020 को निधन हो गया। वे लगभग 74 वर्ष के थे। श्री सिरोही जी का जन्म 14 मई, 1946 को जिला बुलन्दशहर में हुआ था। उन्होंने बी0एस0सी0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सिरोही जी वर्ष 1996 व 2007 में निर्वाचन क्षेत्र अगौता व 2017 में निर्वाचन क्षेत्र बुलन्दशहर, जिला बुलन्दशहर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य भी थे।

श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही, सुश्री मायावती जी के मंत्रि-मण्डल में, श्री कल्याण सिंह जी के मंत्रि-मण्डल में, श्री राम प्रकाश जी के मंत्रि-मण्डल में तथा श्री राजनाथ सिंह जी के मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे हैं और वह अनेक शिक्षण संस्थाओं से जुड़े भी रहे हैं। जन सेवाओं तथा सामजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी के निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं अपनी समाजवादी पार्टी की तरफ से शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे तथा आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी पार्टी की तरफ से उनके परिवार को शोक-संवेदनायें पहुंचाने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष जी, वह इस सदन के कई बार सदस्य रहे तथा कई बार मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे तथा नेता विपक्ष भी रहे, उत्तर प्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य तथा मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री लालजी टण्डन जी का 21 जुलाई, 2020 को निधन हो गया वह लगभग 85 वर्ष के थे। श्री लालजी टण्डन जी का जन्म 12 अप्रैल, 1935 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने स्नातक शिक्षा ग्रहण की थी। श्री लालजी टण्डन जी निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पश्चिम से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वर्ष 1996 में पहली बार तत्पश्चात् वर्ष 2002 और 2007 में लगातार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। इसके पूर्व वर्ष 1978 से 1984 तक तथा 1990 से 1996 तक विधान परिषद् के सदस्य रहे हैं। वह विधान परिषद् में अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य और विधान परिषद् की विभिन्न समितियों के सदस्य तथा सभापति भी रहे हैं। श्री लालजी टण्डन जी भारतीय जनता पार्टी विधान मण्डल दल के नेता तथा विधान सभा में नेता विरोधी दल भी रहे हैं। वह विधान सभा की महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य भी रहे हैं। श्री लालजी टण्डन जी जनसंघ के भी सदस्य रहे हैं। वह लखनऊ महानगर पालिका के सभासद भी रहे। वह श्री कल्याण सिंह, सुश्री मायावती जी, श्री राम प्रकाश जी, श्री राजनाथ सिंह जी के मंत्रि-मण्डल के भी सदस्य रहे हैं तथा महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री भी रहे हैं। वह लखनऊ समिति क्षेत्र से 15वीं लोक सभा के सदस्य भी थे। श्री लालजी टण्डन 23 अगस्त, 2018 से 28 जुलाई, 2019 तक बिहार के राज्यपाल पद पर तथा 29 जुलाई, 2019 से मध्य प्रदेश के भी राज्यपाल पद पर आसीन थे। आदरणीय अध्यक्ष जी, जब हम लोग पहली बार इस सदन में चुनकर आये थे आदरणीय टण्डन जी जब नेता विरोधी दल थे तो मैंने उनके उस स्वरूप को देखा है कि मुस्कराते हुए वह नेता विरोधी दल की कुर्सी पर बैठकर शालीनता से अपनी बात कहते थे और सरकार पर बहुत बड़ी चोट पहुंच जाती थी। मैं समझता हूं कि उनके जाने के बाद मुझे इस सदन में ऐसे बहुत कम नेता दिखाई दिये होंगे, जिन्होंने शालीनता से मुस्कराते हुए अपनी बात को कहकर सरकार को आइना दिखाने का काम किया हो। उनके इस प्रकार के आचरण को मैं समझता हूं कि उस दौर में जिन लोगों ने देखा होगा उन्होंने कुछ न कुछ उनसे सीखने का प्रयास किया होगा। जब वह 2002 में मंत्री थे तब माल एवेन्यू उनका सरकारी आवास हुआ करता था, जहां वह रहा करते थे। इस समय श्री फागू चौहान जो बिहार के

राज्यपाल हैं, वह उस समय मंत्रि-मण्डल के सदस्य थे उनके साथ कई बार मुझे उनके घर जाने का मौका मिला है और मैं समझता हूं कि हम लोग उनसे एक पीढ़ी के पीछे के लोग थे, लेकिन घर पर पहुंचने के बाद जो मान और सम्मान तथा प्यार श्री टण्डन जी दिया करते थे और हमको याद है कि माल एवेन्यू बंगले के पीछे की तरफ जो लॉन था वह उस लॉन में बैठाकर के लखनऊ की चाट की दुकानों में इतनी चाट इस समय नहीं होगी जितना टण्डन जी हम लोगों को अपने घर पर खिलाया करते थे। अब लगता है कि आज के राजनीतिज्ञों को जरूर उनसे इस बात की सीख लेनी चाहिये। आज इस बात का आभास हो रहा है, मैं समझता हूं कि ऐसे लोगों से अगर हम सीख लेंगे तो हमारे आपके बीच परस्पर आपसी भाईचारा बना रहेगा। जो विचारधारा एक-दूसरे के विपरीत होने के नाते दुश्मनी में बदल जाती है उसको रोकने का काम श्री लालजी टण्डन की विचारधारा से जरूर मिलेगा। मैं ऐसे नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपनी समाजवादी पार्टी की तरफ से आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारे दल की तरफ से शोक-संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

आदरणीय अध्यक्ष जी, गलवान घाटी में वीर शहीदों ने धोखेबाज चीन से झड़प में जो अपनी जान गंवाई है, उन शहीदों में कमांडिंग आफिसर कर्नल संतोष बाबू सहित जितने भी शहीद हैं चाहे वह बिहार रेजीमेंट के हों, पंजाब रेजीमेंट के हों, मीडियम रेजीमेंट, माउन्ट ब्रिगेड कम्पनी के जितने भी सैनिक शहीद हुए हैं उन सबको मैं अपनी पार्टी की तरफ से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए, अभी पूर्वांचल के दो और हमारे जवान देश के लिये लड़ते हुए शहीद हुए हैं।

जौनपुर से जिलाजीत यादव और मिर्जापुर के हमारे जवान शहीद हुए हैं। इनके साथ-साथ उन दोनों शहीदों को भी मैं अपनी समाजवादी पार्टी की तरफ से श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से कामना करता हूं कि उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे तथा उनके परिवार तक समाजवादी पार्टी की शोक संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें। माननीय अध्यक्ष जी, जो यह कोविड-19 महामारी फैली हुई है जिसे हम गांव में कोरोना कहते हैं जिसके शिकार हम भी हुए हैं। जब हम अस्पताल में थे तो मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी ने हमारा मनोबल बढ़ाने के लिये कई बार फोन किया था और मंत्रि-मण्डल के भी कई सदस्य और विधान सभा तथा विधान परिषद् के कई सदस्य उससे पीड़ित हुए हैं। यह महामारी पूरी दुनिया में फैली हुई है। और जिसमें हमारे डाक्टर्स ने, पैरामेडिकल स्टाफ ने, ड्राइवर्स ने, सुरक्षा के जवानों ने, प्रशासनिक अधिकारियों ने, सफाई कर्मचारियों ने जिन भी लोगों ने अपना सहयोग दिया है और आज भी सहयोग दे रहे हैं। उसमें बहुत से लोगों ने सहयोग करते हुए हम जैसे लोगों के प्राणों की रक्षा करते हुए अपने प्राण भी गवां दिये हैं। ऐसे तमाम लोगों के प्रति मैं अपनी पार्टी की तरफ से संवेदना व्यक्त करते हुए, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आपसे अनुरोध करता हूं कि समाजवादी पार्टी की तरफ से संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें। मा0 अध्यक्ष जी, विधान सभा के पूर्व सदस्यगण, श्री कृष्णवीर सिंह जी, श्री रिछपाल सिंह बंसल जी, श्री नरेन्द्र सिंह सिसोदिया जी, श्रीमती सुनीता चौहान जी, श्री बेनी प्रसाद वर्मा जी जो

समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं, बड़े नेता थे। श्री रामकृष्ण द्विवेदी जी, श्री विश्राम दास जी, श्री रमेश करन जी, श्री बाबू लाल जी, श्री यदुनाथ सिंह जी, श्री जय नारायण शर्मा जी, श्री ओम प्रकाश दिवाकर जी, श्री शमीमुल हक जी, श्री सुरेन्द्र शुक्ल जी, श्री घूराराम जी, डा0 अरविन्द कुमार जैन जी, श्री भाई लाल कोल जी, श्री जीराज सिंह मौर्य जी, श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल जी, इन हमारे पूर्व सदस्यों की भी असामयिक मृत्यु हुई है। समाजवादी पार्टी इन सभी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करती है और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह इनके परिवारों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे और हम आपसे निवेदन करते हैं कि इनके परिवारों तक हमारी पार्टी की शोक संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें। धन्यवाद।

***श्री लाल जी वर्मा-**

मा0 अध्यक्ष जी, इस विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही, श्री पारस नाथ यादव, श्रीमती कमल रानी, श्री चेतन चौहान तथा पूर्व राज्यपाल श्री लालजी टण्डन जो मध्य प्रदेश के राज्यपाल थे। इसके साथ ही साथ गलवान घाटी के शहीदों तथा कोरोना योद्धाओं के प्रति और पूर्व सदस्यों के प्रति जो शोक उद्‌गार मा0 नेता सदन और मा0 नेता समाजवादी पार्टी ने व्यक्त किया है, मैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं। मान्यवर, श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी इस सदन के तीन बार सदस्य रहे हैं, मंत्री भी रहे हैं। एक कुशल राजनीतिज्ञ थे, मृदृभाषी थे, निष्ठावान व्यक्ति थे, उनके निधन से निश्चित रूप से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है। मैं अपनी तरफ से, अपनी पार्टी की तरफ से शोक संवेदना, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आपसे अपील करना चाहूंगा कि हमारी पार्टी की शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने का काम करें।

मान्यवर, श्री पारस नाथ यादव जी जौनपुर से सात बार विधान सभा सदस्य रहे हैं, दो बार लोक सभा सदस्य रहे हैं, वह एक निडर और कुशल राजनेता थे और वह पिछड़ों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने का काम करते थे। वह इसी सीट पर अक्सर बैठा करते थे, हमारी अक्सर उनसे चर्चा होती रहती थी। निश्चित ही उनके निधन से हम सभी दुखी हैं और प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है। उनके निधन पर शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए, श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए मेरा आपसे अनुरोध है कि हमारी और हमारी पार्टी की शोक-संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। इसी तरह से वर्तमान सरकार को मा0 मंत्री श्रीमती कमल रानी जी, जो पहली बार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई थीं, इसके पहले वह लोक सभा की सदस्य रही हैं। उनका 02 अगस्त, 2020 को निधन हो गया, वह लगभग 62 वर्ष की थीं। कोरोना बीमारी के चलते उनका देहान्त हो गया। ऐसे लोकप्रिय नेता के न रहने से निश्चित रूप से हम लोगों ने एक कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है। मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि मेरी और मेरी पार्टी की शोक-संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। इसी तरह से मा0 मंत्री श्री चेतन चौहान जी, जो एक खिलाड़ी भी थे।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

जैसा कि मा0 सदस्य श्री शैलेन्द्र यादव जी ने बताया कि श्री चेतन चौहान जी एवं श्री गावस्कर जी ओपनर बल्लेबाज थे। श्री चेतन चौहान जी वर्तमान सरकार में मंत्री थे, वह लोक सभा के सदस्य भी रहे हैं। उनके निधन से हम सभी दुखी हैं और प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है जिसकी पूर्ति सम्भव नहीं है। मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से श्री चेतन चौहान को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि हमारी पार्टी की शोक-संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी, श्री लालजी टण्डन जी, जो मध्य प्रदेश के राज्यपाल थे। मुझे वर्ष 1990 में उनके साथ विधान परिषद् में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। इसके साथ-साथ विधान सभा में भी मुझे उनके साथ लम्बे समय तक रहने का अवसर मिला है। वर्ष 2002 में आदरणीय बहन कु0 मायावती जी के मंत्रि-मण्डल में भी उनके साथ रहने का अवसर मिला है। वह एक कुशल राजनेता थे, मृदुभाषी थे, वह विपक्ष के लोगों का बहुत सम्मान करते थे। वर्ष 1991 में जब वह ऊर्जा मंत्री थे, तब मैं विधान सभा का सदस्य था। हम लोग जब अपने क्षेत्र के कामों को लेकर उनके पास जाते थे तो हमें ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगता था कि हम विपक्ष में हैं, वह हम लोगों का पूरी निष्ठा के साथ आदर करते थे। जब मैं पहली बार विधान सभा में पहुंचा था, तब मैंने देखा था कि वह जनता की सेवाएं एवं क्षेत्र के कार्यों का सम्पादन बहुत अच्छे ढंग से करने का काम करते थे। ऐसे कुशल राजनीतिज्ञ एवं कुशल राजनेता आज हमारे बीच में नहीं हैं। वह कई बार लोक सभा, विधान परिषद् एवं विधान सभा के सदस्य रहे हैं और वह मंत्रि-मण्डल में भी रहे हैं। ऐसे राजनेता के खोने से निश्चित रूप से प्रदेश में एक कमी महसूस हो रही है और इस तरह से इस पीढ़ी के नेताओं की कमी महसूस हो रही है। मैं अपनी और अपनी पार्टी की तरफ से शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए आपसे अपील करना चाहूंगा कि हमारी शोक-संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

मान्यवर, इसी तरह से गलवान घाटी में जो हमारे सैनिक शहीद हुए हैं, जिस बहादुरी से अपनी सीमा की रक्षा करते हुए उन्होंने बलिदान दिया है, उनके प्रति भी हम और हमारी पार्टी शोक-संवेदना व्यक्त करती है, नमन करती है। उनको श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए मेरा आपसे अनुरोध है कि हमारी शोक-संवदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। मान्यवर, इसी तरह से कोरोना योद्धा जो लोगों की रक्षा के लिए अपनी जान को जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, जब कोई व्यक्ति संक्रमित हो जाता है तो उसके गांव में जाने में या बगल में जाने पर डर लगता है, ऐसी स्थिति में कोरोना योद्धा चाहे वह डॉक्टर हों, नर्स हों, लैब-टेक्नीशियन हो, चाहे सफाई कर्मी हो, चाहे सिपाही हो, चाहे प्रशासनिक अधिकारी हो, ये सभी अपनी पूरी ताकत से रोगियों को बचाने के लिए उनकी सेवा में तत्पर रहते हैं, निश्चित रूप से ऐसे कोरोना योद्धाओं को हम नमन करते हैं और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने हमें बचाते हुए अपने प्राण को त्यागने का काम किया। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि हमारी शोक संवेदना ऐसे कोरोना योद्धाओं को, जिनका निधन हो गया है, उनके परिवारों तक पहुंचाने

की कृपा करें। मान्यवर, इस सदन के पूर्व सदस्य श्री कृष्णवीर सिंह, श्री रिछपाल सिंह बंसल, श्री नरेन्द्र सिंह सिसोदिया, श्रीमती सुनीता चौहान, श्री बेनी प्रसाद वर्मा, जो लम्बे समय तक इस सदन के सदस्य रहे, श्री रामकृष्ण द्विवेदी, श्री रमेश करन, श्री बाबू लाल, श्री यदुनाथ सिंह, श्री जय नारायण शर्मा, श्री ओम प्रकाश दिवाकर, श्री शमीमुल हक, श्री सुरेन्द्र शुक्ल, श्री घूराराम, डा0 अरविन्द कुमार जैन, श्री भाई लाल कोल, श्री जीराज सिंह मौर्य, श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल, जिनका निधन पिछली विधान सभा और आज की बैठक के बीच में हुआ है, उनके प्रति भी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं और आपसे अपील है कि उनके परिवारों तक हमारी और हमारी पार्टी की शोक-संवेदना उनके परिवारों तक पहुंचाने की कृपा करेंगे।

***श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-**

माननीय अध्यक्ष जी, श्रीमती कमल रानी जी जो वर्तमान समय में कानपुर नगर की घाटमपुर सीट से विधायक थीं और मंत्रि-मण्डल की वरिष्ठ सदस्य थीं। उनका जन्म बहुत ही साधारण दलित परिवार में 03 मई, 1958 को लखनऊ में हुआ था। श्रीमती कमल रानी ने महिला होने के बावजूद सामाजिक बाधाओं का सामना करते हुए बहुत ही कम आयु में अपना राजनीतिक सफर तय किया। वे उत्तर प्रदेश की 17वीं विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुईं और प्रदेश सरकार में प्राविधिक शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य कर रही थीं। संसद सदस्य के रूप में भी उन्होंने देश में अपनी सेवायें दीं। श्रीमती कमल रानी का निधन 02 अगस्त, 2020 को उत्तर प्रदेश में हुआ और यह उत्तर प्रदेश की एक अपूरणीय क्षति है। मैं दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इनकी आत्मा की शांति की कामना करती हूं, ईश्वर इनके परिवार को धैर्य दे, इस भीषण दुःख को सहने की शक्ति दे।

माननीय अध्यक्ष जी, श्री चेतन चौहान जी एक पूर्व क्रिकेटर भी थे और वर्तमान में कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री भी थे और अमरोहा की नौगांवा सादात सीट से विधायक थे, उनका जन्म 21 जुलाई, 1947 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ था। उनका पूरा नाम चेतन प्रताप सिंह चौहान था, वे एक लोकप्रिय खिलाड़ी थे। चेतन चौहान जी ने अपना पहला इण्टरनेशनल टेस्ट मैच 1969 में खेला था। 1981 में उन्होंने कैरियर का अन्तिम टेस्ट मैच खेला और सुनील गावस्कर के साथ उनकी ओपनिंग बैट्समैन की पारी हमेशा क्रिकेट जगत में याद की जाएगी। वर्ष 1981 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। चेतन चौहान जितने लोकप्रिय खिलाड़ी थे उतने ही जनप्रिय नेता भी थे। वे दो बार लोक सभा के सदस्य और उत्तर प्रदेश की 17वीं विधान सभा के सदस्य थी निर्वाचित हुए। उन्होंने उत्तर प्रदेश में खेल, युवा कल्याण, सैनिक कल्याण, होम गार्ड, प्रान्तीय रक्षक दल, आन्तरिक सुरक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री के रूप में अपनी सेवायें दीं। चेतन चौहान जी का निधन 16 अगस्त,

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

2020 को हुआ। उनके निधन से देश ने एक ऐसा मानवतावादी व्यक्तित्व खोया है, जिसने देश के सभी वर्गों के बीच विशेष स्थान बनाया है। राष्ट्र के लिए उनका योगदान हमेशा याद किया जायेगा। उन्होंने मेरे अनुरोध पर मेरे विधान सभा क्षेत्र रामपुर खास के लिए एक स्टेडियम का प्रस्ताव भी किया था। जिसका कार्य चालू होने वाला है। मेरी विधान सभा में उनकी स्मृतियां सदैव बनी रहेंगी। मैं दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शान्ति की कामना करती हूं। ईश्वर उनके परिवार को धैर्य दे और इस भीषण दुःख को सहने की उन्हें शक्ति प्रदान करे।

माननीय अध्यक्ष जी, श्री पारस नाथ यादव जी वर्तमान समय में जौनपुर की मल्हनी सीट से विधायक थे। उनका जन्म 12 जनवरी, 1949 को जौनपुर में हुआ था। श्री पारस नाथ यादव जी बहुत ही जनप्रिय और लोकप्रिय नेता थे। वे 1985 में पहली बार विधान सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। श्री पारस नाथ जी उत्तर प्रदेश की 9वीं, 10वीं, 12वीं, 13वीं, 14वीं, 16वीं और 17वीं विधान सभा में सदस्य रहे तथा 12वीं एवं 14वीं लोकसभा के भी सदस्य रहे। श्री पारस नाथ जी 07 बार विधान सभा तथा 02 बार लोक सभा के सदस्य रहे। बहुत ही कम लोग इतने लम्बे समय तक जनता का विश्वास जीत पाते हैं। ऐसे महानुभाव को हमारी श्रद्धांजलि। श्री पारस नाथ जी ने उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा, पशुधन एवं लघु सिंचाई मंत्री तथा अनेक समितियों के सभापति के रूप में अपनी सेवायें दीं। श्री पारस नाथ जी का निधन 12 जून, 2020 में हो गया। उनके निधन से देश ने एक ऐसा मानवतावादी व्यक्तित्व खो दिया, जिसका देश के सभी वर्गों के बीच में एक विशेष स्थान था। मैं दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, शान्ति की कामना करती हूं। ईश्वर उनके परिवार को धैर्य दे और इस भीषण दुःख को सहने की शक्ति दे।

आदरणीय अध्यक्ष जी, श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी वर्तमान समय में बुलन्दशहर से विधायक थे। उनका जन्म 14 मई, 1946 को बुलन्दशहर में हुआ था। श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी प्रथम बार 13वीं विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। वह 13वीं, 15वीं व 17वीं विधान सभा के सदस्य के रूप में रहे। श्री सिरोही जी ने उत्तर प्रदेश में राजस्व मंत्री के रूप में भी अपनी सेवायें दीं। श्री सिरोही जी का निधन 02 मार्च, 2020 को हो गया। मैं उनकी दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, शान्ति की कामना करती हूं। ईश्वर उनके परिवार को धैर्य दे और इस भीषण दुःख को सहने की शक्ति दे।

माननीय अध्यक्ष जी, मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, श्री लालजी टण्डन जी, जिनका निधन 21 जुलाई, 2020 को लगभग 85 वर्ष की आयु में हुआ। श्री लालजी टण्डन जी का जन्म 12 अप्रैल, 1935 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा यहीं से ग्रहण की। श्री लालजी टण्डन जी निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पश्चिम से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वर्ष 1996 में पहली बार, तत्पश्चात् 2002, 2007 में लगातार तीसरी बार विधान सभा सदस्य

निर्वाचित हुए। उसके पूर्व वर्ष 1978 से 1984 तक तथा 1990 से 1996 तक विधान परिषद् के सदस्य रहे। वे विधान परिषद् में अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य और विधान परिषद् की विभिन्न समितियों के सदस्य व सभापति रहे। श्री लालजी टण्डन जी भारतीय जनता पार्टी विधान मण्डल दल के नेता तथा विधान सभा में नेता विरोधी दल भी रहे। वे विधान सभा की महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य भी रहे। श्री लालजी टण्डन जी जनसंघ के प्रादेशिक सदस्य भी रहे तथा लखनऊ महानगर पालिका के सभासद भी रहे। श्री कल्याण सिंह जी, सुश्री मायावती जी, श्री राम प्रकाश जी व श्री राजनाथ सिंह के मन्त्रि-मण्डल के सदस्य रहे तथा महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे। वे लखनऊ संसदीय क्षेत्र के 15वीं लोक सभा के सदस्य भी रहे। श्री लालजी टण्डन जी 23 अगस्त, 2018 से 28 जुलाई, 2019 तक बिहार के राज्यपाल पद पर तथा 29 जुलाई, 2019 से मध्य प्रदेश के राज्यपाल के पद पर आसीन रहे। मेरे पिता जी का राजनीतिक और पारिवारिक सम्बन्ध उनसे रहा है, और उन्होंने इन सम्बन्धों को और मैं कहूंगी कि जितने भी सदस्य हैं, वे इस बात से सहमत होंगे कि उन्होंने हर व्यक्ति के अपने व्यक्तिगत सम्बन्धों को हमेशा निभाया है। एक बहुत बड़ी क्षति है। श्री लालजी टण्डन जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ और समाजसेवी खोया है। गलवान घाटी में भारत मां की रक्षा के लिए बीस जवान शहीद हुए जिसके ऊपर चीन ने रात के अंधेरे में धोखे से घात किया था। इन जवानों की वीरगति व्यर्थ नहीं जाएगी। इस विश्वास के साथ इन शहीद जवानों को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। इनके परिवारों को मेरा सलाम है और इसके साथ-साथ वर्तमान समय में वैश्विक महामारी कोरोना से जिन्होंने हमारे पूरे प्रदेश और देश के सभी उन लोगों की सुरक्षा की, उनकी सेवा की जो इस बीमारी से ग्रस्त थे। सभी डॉक्टर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन अन्य मेडिकल स्टाफ और खासकर जो एम्बुलेंस के ड्राइवर जो ऐसे मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाते थे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी, सफाई कर्मचारी, ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी व आशा बहुएं इन लोगों के लिए मैं विशेष रूप से कहना चाहूंगी कि हमारे मीडियाकर्मी जो हमारे मीडिया के साथी थे, जिन्होंने लगातार इन सब चीजों को हम तक पहुंचाया। इन कोरोना योद्धाओं के जज्बे को मैं और मेरा दल सलाम करता है। जिन्होंने कोरोना संकट से डटकर सामना किया और लोगों की जान बचाई। अन्त में मा0 अध्यक्ष जी, जो इस सदन के पूर्व सदस्य थे मैं उनके प्रति भी अपने और अपने दल की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। श्री कृष्णवीर सिंह जी, श्री रिछपाल सिंह बंसल जी, श्री नरेन्द्र सिसौदिया जी, श्रीमती सुनीता चौहान जी, श्री बेनी प्रसाद वर्मा जी, पं0 रामकृष्ण द्विवेदी जी, श्री विश्राम दास जी, श्री रमेश करन जी, श्री बाबू लाल जी, श्री यदुनाथ सिंह जी, श्री जय नारायण शर्मा जी, श्री ओम प्रकाश दिवाकर जी, श्री शमीमुल हक जी, श्री सुरेन्द्र शुक्ल जी, श्री घूराराम जी, डॉ0 अरविन्द कुमार जैन जी, श्री भाई लाल कोल जी, श्री जीराज सिंह मौर्य जी, श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल जी। मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इन सभी हमारे दल की और हमारे उनके परिवारों तक श्रद्धांजलि अर्पित करें। धन्यवाद।

***श्री ओम प्रकाश राजभर-**

मा0 अध्यक्ष जी, मा0 नेता सदन, नेता समाजवादी पार्टी, नेता बहुजन समाज पार्टी, नेता कांग्रेस के विचारों से अपने को सम्बद्ध करते हुए श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी, सुश्री मायावती जी मंत्रि-मण्डल, श्री कल्याण सिंह जी मंत्रि-मण्डल, श्री राम प्रकाश जी मंत्रि-मण्डल तथा श्री राजनाथ सिंह जी मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे थे। वह अनेक शिक्षण संस्थाओं से भी जुड़े थे और जन सेवा एवं सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। श्री पारस नाथ यादव जी विभिन्न जन आंदोलनों में भाग लिए और जेल भी गये। वह ग्राम प्रधान तथा जिला परिषद् के सदस्य रहे तथा अनेक शिक्षण संस्थाओं से भी जुड़े रहे। जन सेवा और राजनीति में भी उनकी विशेष रुचि थी। श्री पारस नाथ जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। श्रीमती कमल रानी जी जो कि कानपुर नगर निगम में दो बार सभासद रही थीं, सेवा भारती से जुड़कर उन्होंने गरीब लोगों एवं महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। सेवा भाव व सामाजिक कार्यों के कारण वह अपने क्षेत्र की लोकप्रिय नेता थी। अपने क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए वह हमेशा प्रयत्नशील रहती थी। श्रीमती कमल रानी जी के निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

श्री चेतन चौहान प्रदेश सरकार में सैनिक कल्याण, होम गार्ड्स, प्रान्तीय रक्षक दल और नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री थे। अपने क्षेत्र के वे लोकप्रिय नेता थे एवं क्रिकेट के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने वर्ष 1969 से वर्ष 1981 तक भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 40 टेस्ट मैच खेले। क्रिकेट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1981 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जनसेवा और राजनीतिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री चेतन चौहान के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

श्री लालजी टण्डन जी जनसंघ के प्रादेशिक सदस्य रहे थे। वे लखनऊ महानगर पालिका के सभासद भी रहे। वे श्री कल्याण सिंह, सुश्री मायावती, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे तथा महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे। वे लखनऊ संसदीय क्षेत्र से 15वीं लोक सभा के सदस्य भी थे। श्री लालजी टण्डन 23 अगस्त, 2018 से 28 जुलाई, 2019 तक बिहार के राज्यपाल पद पर तथा 29 जुलाई, 2019 से मध्य प्रदेश के राज्यपाल के पद पर आसीन थे। श्री लालजी टण्डन के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही, श्री पारस नाथ यादव, श्रीमती कमल रानी, श्री चेतन चौहान एवं श्री लालजी टण्डन के निधन से तथा साथ ही मा0 पूर्व सदस्यगण, कोरोना वॉरियर्स तथा

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। मैं अपनी तरफ से, अपनी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करें तथा उनके शोक संतप्त परिवार को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मा0 अध्यक्ष जी, आपसे निवेदन है कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की तरफ से उनके शोक संतप्त परिवारों को शोक सन्देश भिजवाने की कृपा करें।

***श्री नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू'-**

मा0 अध्यक्ष जी, इस शोक संतप्त सदन में मा0 नेता सदन, मा0 नेता समाजवादी पार्टी, मा0 नेता बहुजन समाज पार्टी, मा0 नेता कांग्रेस पार्टी, मा0 नेता सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से अपने आप को सम्बद्ध करते हुए मैं यह कहना चाहूंगा कि मा0 वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी के सानिध्य में इस सदन में हमें काम करने का अवसर मिला है। आज वे हम लोगों के बीच में नहीं हैं। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी का 02 मार्च, 2020 को निधन हो गया। वे लगभग 74 वर्ष के थे। उनका जन्म 14 मई, 1946 को घनसुरपुर, जिला बुलन्दशहर में हुआ था। उन्होंने बी0एस0सी0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी वर्ष 1996 एवं 2007 में निर्वाचन क्षेत्र अगौता व 2017 में निर्वाचन क्षेत्र बुलन्दशहर, जिला बुलन्दशहर में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य भी रहे। राजनैतिक और सामाजिक जीवन में वह सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल, श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल, श्री राम प्रकाश मंत्रि-मण्डल तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रिमण्डल के सदस्य रहे। वे अनेक शिक्षण संस्थाओं से भी जुड़े रहे। जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया। माननीय अध्यक्ष जी, आज वह हम लोगों के बीच में नहीं हैं लेकिन उनके साथ बिताया हुआ वक्त और उनके द्वारा जो अनुभव मुझे मिला है, इस क्षति की पूर्ति किसी भी कीमत पर नहीं हो सकती है। अध्यक्ष जी, मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि हमारी तरफ से और हमारी पार्टी अपना दल की तरफ उनके शोक संतप्त परिवार तक आपके द्वारा संवेदना पहुंचायी जाये और मैं बाबा भोलेनाथ से यह कामना करता हूं कि उनके पार्टीजनों एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों को इस दुख की घड़ी में, इस दुख को सहने की उनके अंदर ताकत पैदा हो।

माननीय अध्यक्ष जी, वर्तमान विधान सभा के सदस्य रहे श्री पारसनाथ यादव जी का 12 जून, 2020 को निधन हो गया। वह लगभग 71 वर्ष के थे। पारस नाथ यादव जी का जन्म 12 जनवरी, 1949 को ग्राम गहरपुर कारो, जिला जौनपुर में हुआ था। उन्होंने स्नातक स्तर तक शिक्षा ग्रहण की थी। श्री पारस नाथ यादव जी वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र बरसठी, जिला जौनपुर से लोकदल के टिकट पर प्रथम बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। तत्पश्चात् वे

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

वर्ष 1989 में जनता दल और 1993 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर बरसठी निर्वाचन क्षेत्र से तथा वर्ष 1996 व 2002 में निर्वाचन क्षेत्र मड़ियाहूं, जिला जौनपुर से एवं वर्ष 2012 व 2017 में निर्वाचन क्षेत्र मल्हनी, जिला जौनपुर से समाजवादी पार्टी से कुल सात बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। वे श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल तथा श्री अखिलेश यादव मंत्रि-मण्डल के सदस्य भी रहे थे। वे जौनपुर संसदीय क्षेत्र से बारहवीं तथा चौदहवीं लोकसभा के सदस्य भी रहे। वे उत्तर प्रदेश विधान सभा तथा लोक सभा की महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य भी रहे थे। श्री पारस नाथ यादव जी ने विभिन्न जन आन्दोलनों में भाग लिया और जेल भी गये। उन्होंने ग्राम प्रधान तथा जिला परिषद् से लेकर देश के सर्वोच्च सदन तक अपने संघर्षों एवं अपनी काबिलियत के दम पर जनसेवा की भावना लेकर वहां तक पहुंचने का काम किया। हम सब लोगों को और खासतौर से इस सदन में आए हुए नये सदस्यों को उनसे यहां बहुत कुछ सीखने को मिला। आज इस क्षति की पूर्ति किसी भी कीमत पर नहीं हो सकती है। हम आपसे अनुरोध करेंगे कि हमारी तरफ से और हमारी पार्टी अपना दल की तरफ से उनके पार्टीजनों को एवं उनके शोक संतप्त परिवारजनों को शोक संवेदना पहुंचायी जाय और मैं बाबा भोलेनाथ से यह कामना करता हूं कि इस महान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

माननीय अध्यक्ष जी, वर्तमान में इस विधान सभा की सदस्य श्रीमती कमल रानी का 02 अगस्त, 2020 को निधन हो गया। वह लगभग 62 वर्ष की थीं। श्रीमती कमल रानी का जन्म 03 मई, 1958 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने स्नातकोत्तर तक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्रीमती कमल रानी वर्ष 2017 से निर्वाचन क्षेत्र-घाटमपुर, जिला-कानपुर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई थीं। वे प्रदेश सरकार में प्राविधिक शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य कर रही थीं। इसके पूर्व वह ग्यारहवीं एवं बारहवीं लोक सभा की सदस्य भी रही थीं। श्रीमती कमल रानी, कानपुर नगर निगम में 2 बार सभासद भी रहीं। सेवा भारती से जुड़कर उन्होंने गरीब एवं महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये। सेवा भाव व सामाजिक कार्यों के कारण वह अपने क्षेत्र की लोकप्रिय नेता थीं। अपने क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए वह हमेशा प्रयत्नशील रहती थीं। श्रीमती कमल रानी जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनैतिक एवं समाजसेवी खो दिया है। इस क्षति की किसी भी कीमत पर पूर्ति नहीं हो सकती। मैं अपनी और अपनी पार्टी अपना दल की तरफ से बाबा भोले नाथ से प्रार्थना करता हूं कि वह श्रीमती कमल रानी जी के पार्टीजनों को एवं उनके परिवार के सदस्यों को इस दुख को सहन करने की अपार शक्ति दे। साथ ही साथ मैं बाबा भोले नाथ से यह कामना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री चेतन चौहान जी का 16 अगस्त, 2020 को निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष के थे। श्री चेतन चौहान जी का जन्म 21 जुलाई, 1947 को बरेली में हुआ था। उन्होंने स्नातक तक शिक्षा ग्रहण की थी। श्री चेतन चौहान जी वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र-नौगावां, सादात, जिला-अमरोहा से भारतीय

जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे दसवीं एवं बारहवीं लोक सभा के सदस्य भी रहे थे। श्री चेतन चौहान जी प्रदेश सरकार में सैनिक कल्याण, होम गार्ड्स, प्रान्तीय रक्षक दल और नागरिक सुरक्षा विभाग एवं खेल विभाग के मंत्री रहे। अपने क्षेत्र के वे लोकप्रिय नेता एवं क्रिकेट के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने वर्ष 1969 से वर्ष 1981 तक भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 40 टेस्ट मैच खेले। क्रिकेट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1981 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जनसेवा और राजनीतिक कार्यों में उनको विशेष रुचि थी। वे सहज एवं सरल स्वभाव के थे। माननीय श्री चेतन चौहान के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी 'अपना दल' की तरफ से उनके पार्टीजनों, इनके शोक संतप्त परिवार के लिए बाबा भोलेनाथ से यह कामना करता हूं कि उन्हें इस दुःख को सहने की असीम ताकत दें और दिवंगत आत्मा की शान्ति मिले।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य एवं मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री लालजी टण्डन का 21 जुलाई, 2020 को निधन हो गया। वे लगभग 85 वर्ष के थे। श्री लालजी टण्डन का जन्म 12 अप्रैल, 1935 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री लालजी टण्डन, निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पश्चिम से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वर्ष 1996 में पहली बार, तत्पश्चात् वर्ष 2002 व 2007 में लगातार तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। इसके पूर्व वर्ष 1978 से 1984 तक तथा 1990 से 1996 तक विधान परिषद् के सदस्य रहे थे। वे विधान परिषद् में अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य और विधान परिषद् की विभिन्न समितियों के सदस्य व सभापति भी रहे। श्री लालजी टण्डन जी ने भारतीय जनता पार्टी विधान मण्डल दल के नेता तथा विधान सभा में नेता विरोधी दल के रूप में भी कार्य किया। वे विधान सभा की महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य भी रहे। श्री लालजी टण्डन जनसंघ के प्रादेशिक सदस्य रहे थे। वे लखनऊ महानगर पालिका के सभासद भी रहे। वे श्री कल्याण सिंह, सुश्री मायावती, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मण्डल के सदस्य भी रहे तथा महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे। वे लखनऊ संसदीय क्षेत्र से 15वीं लोक सभा के सदस्य भी रहे। श्री लालजी टण्डन 23 अगस्त, 2018 से 28 जुलाई, 2019 तक बिहार के राज्यपाल पद पर तथा 29 जुलाई, 2019 से मध्य प्रदेश के राज्यपाल पद पर आसीन थे। श्री लालजी टण्डन के निधन से प्रदेश ने ही नहीं, इस देश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खोने का काम किया है। मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके पार्टीजनों एवं उनके परिवार को इस दुःख को सहने की ताकत मिले और माननीय अध्यक्ष जी, हम आपसे यह अनुरोध करेंगे कि उनके पार्टीजनों और शोक संतप्त परिवार तक हमारी तरफ से और हमारी पार्टी 'अपना दल' की तरफ से शोक संवेदना पहुंचायी जाय और दिवंगत महान आत्मा के लिए मैं बाबा भोलेनाथ से यह प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा की शान्ति प्रदान करें और उनके परिवारजनों को इस दुःख को सहने की ताकत दें।

माननीय अध्यक्ष जी, देश की सीमाओं की सुरक्षा में हमारे भारत मां के जो वीर सपूत गलवान घाटी में शहीद हुए हैं और उन महान सैनिकों ने पूरी बहादुरी के साथ चाइना को मुंह तोड़ जवाब देने का काम किया है तथा अपने जीवन की आखिरी सांस तक वह चीनी सैनिकों का बहादुरी से मुकाबला करते रहे और भारत मां के लिए उन्होंने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया और उन्होंने अपने प्राणों को न्यौछावर करके भारत मां की गोद में पले हुए तमाम नौजवानों को उन्होंने यह संदेश दिया कि जब-जब जरूरत पड़ेगी, इस भारत मां की गोद से करोड़ों नौजवान, इस भारत मां के लिए अपनी गर्दन कटाने के लिए निरंतर तैयार रहें।

उन वीर सपूतों को और साथ ही साथ जो एक जौनपुर के लाल और दूसरे मिर्जापुर के लाल ने मां भारती के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर किया है मैं इन सभी वीर जवानों को अपनी ओर से और अपनी पार्टी अपना दल की ओर से श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं और मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि इनके शोक-संतप्त परिवारों तक इस दुःख की घड़ी में दुःख को सहने की ताकत मिले। मेरा आपसे अनुरोध है कि शोक संवेदना पहुंचाने का काम करें और साथ ही साथ मैं बाबा भोले नाथ से कामना करूंगा कि इन महान दिवंगत आत्माओं को बाबा भोलेनाथ शान्ति प्रदान करें। कोरोना नामक जो वैश्विक बीमारी है, जो आज पूरे विश्व के लिए संकट का विषय बनी हुई है। इस कोरोना महामारी में हमारे जो चिकित्सक, पुलिस कर्मी, अधिकारी, सफाई कर्मी हैं उनके द्वारा इस कोरोना महामारी से लड़ने का बड़ी तादाद में काम किया जा रहा है और इसमें हमारे तमाम चिकित्सक, पुलिस कर्मी, सफाई कर्मी और अन्य लोग शहीद हुए हैं, मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से उनके लिए श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि इन कोरोना वारियर्स के परिजनों तक शोक संवेदना पहुंचाने का कार्य किया जाय और साथ ही साथ मैं बाबा भोलेनाथ से कामना करता हूं कि इनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी में दुःख को सहने की असीम ताकत मिले और साथ ही साथ उन महान आत्माओं को शान्ति मिले। इसके साथ-साथ माननीय अध्यक्ष जी, इस सदन के सदस्य रहे लेकिन जो आज हमारे बीच में नहीं हैं श्री कृष्णवीर सिंह बदायूं से, श्री रिछपाल सिंह बंसल गाजियाबाद से, श्री नरेन्द्र सिंह सिसोदिया गाजियाबाद से, श्रीमती सुनीता चौहान रायबरेली से, महान राजनीतिक विभूति श्री बेनी प्रसाद वर्मा जी बाराबंकी से, श्री राम कृष्ण द्विवेदी गोरखपुर से, श्री विश्राम दास प्रयागराज से, श्री रमेश करन अलीगढ़ से, श्री बाबूलाल गोण्डा से, महान विभूति श्री यदुनाथ सिंह मिर्जापुर से, श्री जय नारायण शर्मा मेरठ से, श्री ओम प्रकाश दिवाकर फिरोजाबाद से, श्री शमीमुल हक मुरादाबाद से, श्री सुरेन्द्र शुक्ल देवरिया से, श्री घूराराम बलिया से, डा0 अरविन्द कुमार जैन ललितपुर से, श्री भाईलाल कोल मिर्जापुर से, श्री जीराज सिंह मौर्य मुरादाबाद से, श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल गाजियाबाद से, ये तमाम महान लोग पूर्व में इस सदन के सदस्य रहे हैं परन्तु आज ये हम लोगों के बीच में नहीं हैं। मैं इन शोक संतप्त परिवारों के लिए अनुरोध करूंगा कि हमारी पार्टी अपना दल की ओर से और हमारी ओर से इन परिवारों तक शोक संवेदना पहुंचायी जाय और साथ ही साथ मैं

बाबा भोलेनाथ से कामना करता हूं कि इन शोक संतप्त परिवारों को इस दुःख की घड़ी में दुःख सहने की अपार शक्ति प्रदान करें। इसके साथ ही मैं इन महान आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं, धन्यवाद। ओम शान्ति।

श्री अध्यक्ष-

संभवतः उत्तर प्रदेश विधान सभा के इतिहास में यह पहला मौका है, जब हम एक साथ अपने चार वर्तमान सहयोगियों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। संसार की रीति है, जो आता है वह जाता है, लेकिन हमारे इस वृहद परिवार में एक साथ ऐसे सदस्यों का जाना, जो अपनी क्षमता, योग्यता और अनुभव पर पूरी शक्ति-युक्ति के साथ संसदीय जनतंत्र और राजनीति को अपने ढंग से प्रभावित कर रहे थे, सृजन कर रहे थे, उनके देहावसान से हम सब स्वाभाविक ही दुःखी हैं।

माननीय मुख्य मंत्री जी ने, समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में श्री शैलेन्द्र यादव 'ललई' जी ने, मा0 नेता ब0स0पा0 श्री लाल जी वर्मा ने, मा0 नेता कांग्रेस श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' जी ने, मा0 ओम प्रकाश राजभर जी ने और मा0 नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू' जी सहित सभी दलीय नेताओं ने इस अवसर पर जो शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं, उससे मैं स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

जीवन की क्षणभंगुरता का प्रत्यक्ष अनुभव हम सबको, हमारे इस विधान सभा परिवार को, हमको, आपको बहुत गहरे तक व्यथित कर गया है। श्रीमती कमल रानी जी उत्कृष्ट सांसद के रूप में, इस आदरणीय सदन के सदस्य के रूप में, उत्तर प्रदेश मंत्रि-परिषद् के सदस्य के रूप में सक्रिय थीं और प्रदेश की राजनीति को प्रभावित भी कर रही थीं, उनके निधन से हम सब बहुत आहत हैं।

श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही जी हममें से अधिकांश सदस्यों के आत्मीय थे, स्वयं मुझे भी इस अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन करते समय जब कभी कठिनाई होती थी, तो 2, 4, 10 या 20 मिनट के लिए अपने कक्ष में जाने के लिए, तो मैं अपने प्रमुख सचिव जी को पहले ही नोट करा दिया करता था कि सिरोही जी को बुला लीजिएगा। सिरोही जी के साथ कार्य-संचालन पर और तमाम विषयों पर बहुत गम्भीर चर्चा होती थी। कार्य-संचालन तो तब आया, जब वह हमारे अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य बने। हम सब स्वाभाविक ही सिरोही जी के निधन से व्यथित हैं।

श्री चेतन चौहान का नाम और यश सामाजिक कार्य के कारण, उनकी अपनी मिलनसारिता के कारण, उनकी अपनी प्रकृति के कारण, खेल जगत के सितारे होने के कारण उनका नाम और यश सब तरफ बहुत प्रकाशवान था और नियति ने उन्हें हमसे छीन लिया।

यहां पर उपस्थित कई मा0 सदस्यों ने श्री पारसनाथ यादव जी के साथ काम किया होगा। वह बहुत मिलनसार व्यक्ति थे। श्री पारसनाथ यादव जी का निधन उत्तर प्रदेश के राजनीतिक जीवन की एक विशेष क्षति है।

ऐसे ही हमारे चार माननीय सदस्य, जिन्हें अभी हम सबने, सभी दलीय नेताओं ने श्रद्धांजलि दी है, उस श्रद्धांजलि से, शोक से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

माननीय श्री लालजी टण्डन, इस सदन के, विधान परिषद् के, लोक सभा के, कई सदनों के सदस्य, मंत्री और बाद में राज्यपाल भी रहे। हम में से लगभग सभी का टण्डन जी से मिलने का अवसर आया होगा। श्री टण्डन जी एक साथ संगठनकर्ता, जिनके साथ काम कर रहे थे उनके साथ सहयोगी की भूमिका, भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता के रूप में उनकी एक विशेष प्रकार की भूमिका और जब मैं प्रवक्ता हुआ तो मेरे लिए वही मानक और आदर्श रहे। मैं उनके साथ बहुत बैठता था, अनेक ऐसे अवसर आये, मैं उनका उल्लेख नहीं करूंगा लेकिन राजनीति में भिन्न-भिन्न प्रकार के पद और दायित्व आते हैं और सभी दायित्वों को माननीय टण्डन जी ने, चाहे राज्यपाल का दायित्व हो, चाहे विधान सभा के सदस्य का, नेता प्रतिपक्ष का, विधान परिषद् के सदस्य का, लोक सभा के सदस्य का उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र के सभी आयामों को अपने सौन्दर्य से भर दिया था। उनके निधन पर हम लोग आहत और शोक संतप्त हैं।

हमारे सदन के पूर्व सदस्य श्री कृष्णवीर सिंह जी, श्री रिछपाल सिंह बंसल जी, श्री नरेन्द्र सिंह सिसोदिया जी, श्रीमती सुनीता चौहान जी, श्री बेनी प्रसाद वर्मा जी, श्री राम कृष्ण द्विवेदी जी, श्री विश्राम दास जी, श्री रमेश करन जी, श्री बाबूलाल जी, श्री यदुनाथ सिंह जी, श्री जय नारायण शर्मा जी, श्री ओम प्रकाश दिवाकर जी, श्री शमीमुल हक जी, श्री सुरेन्द्र शुक्ल जी, श्री घूराराम जी, डा0 अरविन्द कुमार जैन जी, श्री भाईलाल कोल जी, श्री जीराज सिंह मौर्य जी, श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल जी, ऐसे सभी दिवंगत माननीय पूर्व सदस्यों के प्रति माननीय मुख्य मंत्री जी ने और आप लोगों ने जो शोकोद्गार व्यक्त किये हैं मैं उससे स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

भारत-चीन सीमा पर 'गलवान घाटी' में भारत के पौरुष, पराक्रम और शौर्य को प्रदर्शित करने वाले बलिदानी सैनिकों के प्रति आप सबने जो उद्गार व्यक्त किये हैं उससे मैं स्वयं को सम्बद्ध करता हूं और उनकी स्मृति को प्रणाम करता हूं।

कोरोना महामारी से पूरा विश्व, पूरा देश व अपना प्रदेश व्यथित व चिन्तित है। यहां पर माननीय मुख्य मंत्री जी के नेतृत्व में एक शानदार संघर्ष चल रहा है। उत्तर प्रदेश में कोरोना महामारी के अग्रिम पंक्ति के योद्धा जिन्हें हम संक्षेप में 'कोरोना वारियर्स' कह देते हैं। ऐसे योद्धाओं के निधन पर भी आप सबने जो उद्गार व्यक्त किये हैं मैं उससे स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

आज इस आदरणीय सदन में मा0 मंत्रि-मण्डल के सदस्यों, वर्तमान सदस्यों, पूर्व सदस्यों, माननीय टण्डन जी, कोरोना के योद्धा तथा 'गलवान घाटी' के क्रान्तिकारी, पौरुष, पराक्रम से युक्त सैनिकों के देहावसान पर जो शोकोद्गार आप सबने व्यक्त किये हैं। मैं ऐसे उद्गार उन शोक संतप्त परिजनों तक आप सबकी तरफ से पहुंचाऊंगा। मैं शोक की इस घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्माओं को मुक्ति, मोक्ष व शान्ति प्रदान करें और उनके परिजनों व हम सबको यह बज्राघात सहन करने की शक्ति दें।

आइये हम सब इन दिवंगत आत्माओं की शान्ति और मुक्ति के लिये दो मिनट का मौन धारण करें।

(सभी सदस्य अपने-अपने स्थान पर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये दो मिनट मौन खड़े हुए।)

श्री अध्यक्ष-

अब हम कल पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिये उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 30 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :
दिनांक 20 अगस्त, 2020

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0-133 विधान सभा (235)-23-12-2020-631 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।